-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 06.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **यातायात जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शहर क्षेत्र में निकाली गई यातायात जागरुकता रैली । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा व क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा सड़कों में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु किया गया जागरुक ।**

विवरण- जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली अपूर्णीय क्षति को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में यातायात जागरुकता माह नवम्बर चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत रैलियों तथा नुक्कड़ नाटकों आदि के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 06.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के नेतृत्व में शहर क्षेत्र में जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट लगाओ जीवन बचाओं, क्यों करते हो सड़क पर मस्ती जिन्दगी नहीं है इतनी सस्ती, का मूलमंत्र दिया गया। इस दौरान सड़कों पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों को जाकरूक किया गया साथ यातायात नियमों का पालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजवीर सिहं गौर तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।